# हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग

क्र.ई.ई- जेएसडी-टी.एस.डी.-ईए-1भर्ती पैरा कुक/2025/149-51

दिनांक :- 24.04.2025

success pana chahte hai

## विज्ञापन

जल शक्ति मण्डल तीसा के अंतर्गत पैरा कुक/पैरा हैल्पर के एक-एक पद को भरने के लिए इस कार्यालय के पत्र संख्या- 9396-98 दिनांक 04.02.2025 द्वारा विज्ञापन जारी किया गया था जिसमें पैरा कुक हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवी व 6 माह का डिप्लोमा फूड क्राफ्ट संस्थान से होना अनिवार्य रखा गया था व दिनांक 03.03.2025 तक आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख निश्चित की गई थी। आवेदन पत्र प्राप्त होने उपरांत पैरा कुक अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षण दिनांक 08.04.2025 को लिया गया था। परंतु हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा पत्र संख्या Secretary (Jal Shakti) to the Government of HP-JSV-A-B(2)-8/2022 dated 07-09-2022 व प्रमुख अभियंता जल शक्ति विभाग टूटी कंडी शिमला हिमाचल प्रदेश के कार्यालय पत्र संख्या 6354-75 दिनांक 01.10.2022 तथा अधीक्षण अभियंता जल शक्ति वृत्त चम्बा के प्रतिलिप संख्या- 7803.08 दिनांक 29.10.2022 द्वारा पैरा कुक की न्यूनतम योग्यता में निम्नलिखित बदलाव किया गया है -

***न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं व 6 माह का डिप्लोमा फूड क्राफ्ट संस्थान से या दसवीं व पांच वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र सरकारी कार्यालय या प्राईवेट संस्थान से जारी किया गया हो।***

अतः जो अभ्यर्थी उपरोक्त न्यूनतम योग्यता पूर्ण करते हैं, वह दिनांक 15.05.2025 तक पैरा कुक के पद हेतु इस कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। अन्य नियम व शर्तें इस कार्यालय के पिछले विज्ञापन संख्या-9396-98 दिनांक 04.02.2025 द्वारा प्रकाशित की गई थी, वही मान्य होंगी तथा जो अभ्यर्थी पैरा कुक की चयन प्रक्रिया में भाग ले चुके हैं, उनके पास भी यदि इस प्रकार का कोई अनुभव प्रमाण पत्र है तो वे भी इस कार्यालय में आकर जमा करवा सकते हैं।

**नोट** - जिन अभ्यर्थियों ने कौशल परीक्षण में भाग लिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने व कौशल परीक्षण में भाग लेने की आवश्यकता नही है। अतः उनके पूर्व में लिए गए परीक्षण के अंक ही वैध होंगे।

अधिशाषी अभियंता

जल शक्ति मण्डल तीसा

Advt. No. 0336/25-26